# ट्रेड शो में 100 से अधिक देशों की भागीदारी होगी

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

25 सितंबर से 29 सितंबर 2025

**निशांत कौशिक**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा मेला अपने तीसरे संस्करण में नया इतिहास रचने को तैयार है। इस बार मेले में सौ से अधिक देशों के लोगों के आने की संभावना है। मेले में प्रदेश के हर जिले और हर विभाग की उपस्थिति रहेगी। सहयोगी देश के रूप रूस मेले में उपस्थिति दर्ज कराएगा।

मेले का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यहां पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश सरकार की कैबिनेट के द्वारा किया जाएगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ने अपने पिछले दो संस्करणों में पूरी दुनिया में धाक जमाई। प्रदेश के गांव और गलियों के हुनर को दुनिया के बाजार तक पहुंचा दिया। हर जिले में बनने वाले उत्पादों को दुनिया का बाजार उपलब्ध कराया। 25 सितंबर से 29 सितंबर तक मेले का तीसरा संस्करण ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा।

## इसलिए खास

- **वैश्विक मंच :** प्रदेश के उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को दुनिया के बाजार में पहुंचने का मौका
- **विविध क्षेत्र :** आईटी, एमएसएमई, कृषि, पर्यटन, स्वास्थ्य और ओडीओपी जैसे क्षेत्रों का प्रदर्शन
- **सांस्कृतिक प्रदर्शन :** उत्तर प्रदेश की संस्कृति और खानपान को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का मंच
- **नॉलेज सेशन :** नवाचार, व्यापारिक रणनीतियों पर केंद्रित सत्र

## दो वर्षों में 2300 करोड़ का कारोबार

**पहला संस्करण :** ट्रेड शो का पहला संस्करण वर्ष 2023 में शुरू हुआ। इसका उदघाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। पहले संस्करण में 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। तीन लाख से अधिक लोग पहुंचे। 2000 से अधिक प्रदर्शकों ने प्रदेश की कला, संस्कृति, कृषि और औद्योगिक ताकत को दुनिया के सामने रखा। पहले ट्रेड शो में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार दर्ज करने का दावा किया गया।

**दूसरा संस्करण :** वर्ष 2024 में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का शुभारंभ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। वियतनाम बतौर सहयोगी देश के रूप में शामिल रहा। पांच दिन तक चले इस मेले में साढ़े पांच लाख से अधिक लोग पहुंचे। जबकि 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि मेले में शामिल हुए। 2122 प्रदर्शकों के स्टॉल लगे। 22 सौ करोड़ से अधिक के कारोबार का दावा किया गया।